इंडियन एयरलाइन्स का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, यदि हां, तो क्या इस दुर्घटना के पीछे तोड फोड की कोई गतिविधि होने की आशंका है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार को इस संबंध में कोई पूर्व सूचना मिली थी ; और

(ग) इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) (क) इंडियन एयरलाइन्स बोइंग 737 विमान वी०टी० ई०एफ०एल० 16 अगस्त, 1991 को इम्फाल के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस मामले में अभी तक किसी तोड-फोड का संकेत नहीं है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) विमान सुरक्षा के स्तर को बढाने के उपाय निरंतर किए जाते हैं, जैसे विमान दुर्घटनाओं और खतरनाक घटनाओं की जांच से उद्भूत सिफारिशों का कार्यान्वयन, सुरक्षा सूचना का प्रचार, काकपिट वायस रिकार्डरों और फ्लाइट डाटा रिकार्डरों का निगरानी उड़ान कर्मीदल दक्षता को मानीटर करना तथा हवाई अड्डों का समय समय पर निरीक्षण करना।

भारत पर्यटन विकास निगम के होटलों में घाटे

1045. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री 29 जुलाई, 1991 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न सं० 961 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत पर्यटन विकास निगम के होटलों द्वारा घाटा उठाए जाने के क्या कारण हैं ; और

(ख) इन घाटों की भरपाई करने की क्या-क्या योजनायें हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) वर्ष 1990-91 के दौरान घाटे के कारणों में अन्य बातों के साथ-साथ देश के कुछ भागों में गडबडी के हालात और मध्यपूर्व की स्थिति जिसकी परिणति खाडी युद्ध के रूप में हुई आदि कारण भी शामिल हैं।

(ख) भारत पर्यटन विकास निगम के होटलों की कार्यकुशलता एवं लाभप्रदता में वृद्धि करना एक निरंतर प्रक्रिया है। इनमें अन्य बातों के साथ-साथ प्रचार पर अधिक जोर देना ; रियायत देना तथा घरेलू पर्यटन को बढाने के लिए विशेष पैकेज टुअर्स आयोजित करना ; उत्पादन में सुधार लाना और खर्च पर अधिक अनुशासन एवं नियंत्रण रखना शामिल है।

बिहार में पन-बिजली योजना

1046. **श्री रजनी रंजन साहू :** क्या **विद्युत और गैर-परंपरिक ऊर्जा स्रोत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार में पन-बिजली योजना को बढावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जाने का विचार है ; और

(ख) क्या केंद्रीय सरकार बिहार में विद्युत की कमी को पूरा करने के वास्ते पन बिजली के उत्पादन के लिए राज्य सरकार को उपयुक्त धनराशि आवंटित करने जा रही है ?

विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री कल्पनाथ राय) : (क) आठवीं और नोवीं योजना के दौरान बिहार में अनेक जल विद्युत स्कीमों को चालू किए जाने का कार्यक्रम है। इनका विवरण 1 में दिया गया है। [देखिए परिशिष्ट 160, अनुपत्र संख्या 40]

(ख) परियोजनावार निधियों का आवंटन संबंधी ब्यौरा विवरण 2 में दिया गया है । [देखिए परिशिष्ट 160, अनुपत्र संख्या 41]

बिहार में प्राकृतिक गैस की खोज

1047. श्री रजनी रंजन साहू : : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केंद्रीय सरकार बिहार में प्राकृतिक गैस की खोज का कार्य कर रही है ;

(ख) क्या पूर्ववर्ती समाचारों के अनुसार नेपाल के निकट भेंसालोटन/रक्सोल/बैतिया में खुदाई का काम किया जा रहा है ; और यदि हां, तो इस संबंध में कितनी प्रगति हुई है ; और

(ग) यदि वहां पर गैस के कोई भंडार नहीं मिले हैं तो सरकार द्वारा इस खोज कार्य पर अब तक कुल कितनी धनराशि खर्च की गई है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी. शंकरानन्द) : (क) से (ग) बिहार राज्य में अब तक पांच अन्वेषण कूप खोदे गए हैं और फिलहाल एक कुंए की खुदाई चल रही है । बिहार में अन्वेषण कार्य पर कुल 61 करोड रुपए खर्च हुए हैं ।

Diseouraging Power Generating units to use Diesel

1048. SHRI RAGHAVJI:

SHRI RAMESHWAR PASWAN:

Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state the steps being taken and planned to be taken to discourage existing power generation units in industry using diesel on a continuous basis so as to reduce the consumption of diesel?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANK ARAN AND): Restrictions have been imposed on supply of HSD for captive power generation.

Price Fixation of Gas and Oil

1049. SHRI CHIMANBHAI MEHTA;

SHRI SOM PAL:
SHRIMATI MIRA DAS:

Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) what is the global formula for fixing up gas and fuel oil prices;

(b) what is the price of the gas and fuel oil fixed up in major developed countries and developing countries of South East Asia;

(c) why there is significant differences between prices fixed in India and in above mentioned countries; and

(d) whether Government would consult at the decisive stages, the States concerned, major consumers and MPs before finalising the proposed review of the gas price?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANK ARAN AND): (a) Generally, the guiding economic principle is the long range marginal cost of production.

(b) As per information furnished by the Gas Authority of India Ltd. these were as follows as on 1-8-1991:-